
कार ने डीसीएम चालक सहित दो को रौंदा, मौत

कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसरॉय गांव में बीती रात लगभग दो बजे के करीब बेकाबू कार चालक ने डीसीएम चालक व हेल्पर को रौंद दिया हादसे में दोनों की मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने औपचारिकता पूरी कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसरॉय गांव निवासी रोहित पुत्र अमृतलाल डीसीएम चालक है, रोहित अपने मौसी के लड़के कोखराज थाना क्षेत्र के नौडिया निवासी प्रदीप कुमार पुत्र रामेश्वर के साथ कानपुर गया था, कानपुर के चकर मंडी से डीसीएम में सेब लाद कर प्रयागराज जा रहा था, प्रत्यदर्शियों की माने तो डीसीएम चालक रोहित जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसरॉय गांव के समीप पहुंचा करीब दो बजे रात कानपुर से प्रयागराज लेन पर हाईवे किनारे डीसीएम खड़ी कर अल्टीनेटर साफ कर लगा रहा था इस दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बेकाबू कार चालक दोनों को रौंदते हुए निकल गया और डिवाइडर से टकरा गया इस दौरान कार चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया वही हादसे में रोहित व प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गए आसपास मौजूद लोगो ने देखा तो पुलिस को सूचना दी जिसके बाद थाना प्रभारी सैनी त्रिलोकी नाथ पांडेय मय फोर्स के मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने रोहित व प्रदीप को मृत घोषित कर



सड़क दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर जांच करती पुलिस ।

दिया। हादसे की सूचना पर पहुंचे मृतक के पिता अमृतलाल की तहरीर पर सैनी पुलिस ने औपचारिकता पूरी कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। और डीसीएम व कार को कस्टडी में लेकर आगे की कार्यवाही में जुट गई है। हादसे की जानकारी पर मृतक के घर में रोना पीटना मच गया है।

दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में चार घायल,गम्भीर

चायल,कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के नईम मियां का पूरा गांव के पास बुधवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मौजूद लोगों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

मंझनपुर के नियामतपुर गांव निवासी राजेन्द्र कुमार पुत्र संतोष कुमार और खोजवापुर गांव निवासी महेश कुमार पुत्र बोदई लाल मजदूरी करने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। पिपरी के नईम मियां का पूरा गांव के पास पहुंचते ही सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार राजेन्द्र कुमार, महेश कुमार, विजय पुत्र बिसम्भर और चौराडीह निवासी दीपक पुत्र बच्चा लाल घायल हो गए। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए चायल सीएचसी भेजा। हादसे के बाद कुछ देर तक मौके पर लोगों की भीड़ जुटी रही। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

नशेड़ी पति ने घरेलू विवाद में पत्नी को पीटा,शिकायत

चायल,कौशाम्बी। संदीपन घाट थानाक्षेत्र के रसूलाबाद कोइलहा गांव में बुधवार की सुबह नशेड़ी पति ने घरेलू विवाद में पत्नी को जमकर पीट दिया। साथ ही उसे जान से मार डालने की धमकी भी दी। पिटाई से उसको काफी चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल ने थाने जाकर आरोपी पति के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

रसूलाबाद कोइलहा गांव की सजना देवी पत्नी अवधेश कुमार सरोज ने बताया कि उसका पति नशेड़ी प्रवृत्ति का है। घर में रखी गृहस्थी का सामान बेचकर शराब पी लेता है। वह किसी तरह मजदूरी कर बच्चों का पालन पोषण करती है। पति घर का खर्च चलाने के लिए पैसे नहीं देता।पैसे मांगने पर वह मारपीट करने पर आमादा हो जाता है। मंगलवार की शाम घरेलू खर्च मांगने को लेकर उससे विवाद हुआ था। बुधवार की सुबह वह सोकर उठा और नशा करने के लिये पैसे को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उसने डंडे से उसकी पिटाई कर दिया। पिटाई से उसको काफी चोटें आईं। साथ ही उसे जान से मार डालने की धमकी भी दी। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। घायल महिला ने थाने जाकर आरोपी पति के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

स्वास्थ्य संविदाकर्मी मांगों को लेकर करेंगे हड़ताल

चायल,कौशाम्बी। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात संविदाकर्मियों ने अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन का ऐलान किया है। संविदाकर्मियों ने बुधवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी को पत्र देकर आंदोलन के विभिन्न चरणों की जानकारी दी और धरने में शामिल होने की अनुमति मांगी है।

संविदा कर्मियों के अनुसार पांच से सात अक्टूबर तक सभी संविदाकर्मी काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके बाद आठ, नौ और दस अक्टूबर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। मांगों का समाधान नहीं होने पर १२ अक्टूबर से लखनऊ स्थित ईको गार्डन में अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी गई है। संविदा कर्मियों ने बताया कि उनकी छह सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से आवाज उठाई जा रही है। उनका कहना है कि मांगों के समाधान के लिए संगठन स्तर पर आंदोलन का



अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते स्वास्थ्य कर्मी ।

निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में चायल सीएचसी के संविदाकर्मियों ने प्रभारी चिकित्साधिकारी डा० संजय सिंह को पत्र देकर आंदोलन में शामिल होने की अनुमति मांगी है। इस मौके पर बीपीएम संकेत कुमार पांडेय, बीसीपीएम अनूप सिंह, एएनएम अंशिका, रजमी देवी, डॉ. शबिना परवीन, डॉ. हेना कौसर, सुनील कुमार, एआईसी, सुशीला, डा० अमित सिंह समेत अन्य संविदाकर्मी मौजूद रहे।

ढाबे पर खड़ी यात्री बस से चोरी करता युवक रंगे हाथ गिरफ्तार

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र स्थित ग्राम ककोढ़ा में एक रेस्टोरेंट एवं ढाबे पर सोमवार रात बस में चोरी का मामला सामने आया है। ढाबा मैनेजर अतुल मिश्रा के अनुसार, सोमवार रात करीब ९:३० बजे एक यात्री बस भोजन के लिए ढाबे पर रुकी। बस में सवार प्रयागराज के करछना निवासी यात्री अनिल शुक्ल अपने बच्चों के साथ खाना खाने अंदर चले गए। इसी बीच मौका पाकर पास ही खड़ा चमरूपुर निवासी युवक निखिल यादव चुपके से बस में घुस गया। उसने यात्री का बैग और पैसों से भरा पर्स चुरा लिया और भागने का प्रयास किया। चोरी का पता चलते ही यात्रियों और ढाबा कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को मौके पर ही रंगे हाथ दबोच लिया। ढाबा मैनेजर ने तत्काल डायल ११२ पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले आई। घटना की वीडियो फुटेज भी उपलब्ध है। पुलिस ने प्रबंधक की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है, कि जांच किया जा रहा है।

युवक ने गाली-गलौच का विरोध करने पर मां-बेटा को पीटा

चायल,कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के उजिहनी खालसा गांव में बुधवार की सुबह गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक ने मां और बेटा की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

उजिहनी खालसा गांव की रोजी निषाद पत्नी रामू निषाद के अनुसार बुधवार की सुबह उसका बेटा शिवम निषाद गंगा स्नान करने जा रहा था। इसी दौरान गांव का एक युवक रास्ते में उसे मिला और अनायास उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उसने शिवम की पिटाई करना शुरु कर दिया।शोर सुनकर बेटे को बचाने पहुंची मां रोजी को भी पीटा। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी पिटाई से दोनों को काफी चोटें आईं। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल मां-बेटा ने थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

दारानगर की ऐतिहासिक रामलीला का कार्यक्रम घोषित

कड़ा,कौशाम्बी। दारानगर में होने वाली श्री रामलीला दशहरा महोत्सव की रामलीला इस बार १० अक्टूबर से प्रारंभ होकर २३ अक्टूबर को राज्याभिषेक होने के बाद समाप्त होंगी रामलीला कमेटी के अध्यक्ष जय मणि तिवारी ने बताया कि इस बार १० अक्टूबर को रुद्राभिषेक दारानगर शंकर जी की मंदिर में होगा मेला सकुशल संपन्न हो इसके लिए भगवान शंकर की आराधना के साथ मेला का शुभारंभ किया जाता है ११ अक्टूबर को मुकुट पूजन का कार्यक्रम दारानगर बाजार में १२अक्टूबर को विश्वामित्र यज्ञ एवं ताड़का वध शादीपुर में १३ अक्टूबर को गंगा पूजन का कार्यक्रम थुलगुला गांव में १४ अक्टूबर को फुलवारी लीला का कार्यक्रम म्योहरा में गांव में १५ अक्टूबर को धनुष यज्ञ एवं सीता स्वयंवर का कार्यक्रम में म्योहरा गांव में १६ अक्टूबर को राम वन गमन फरीदगंज में १७ अक्टूबर को हरबंशा तालाब १८ अक्टूबर को सीता हरण ब्राह्मण टोला दारानगर १९ अक्टूबर को लंका दहन का कार्यक्रम म्योहरा में २० अक्टूबर को विजयदशमी कुप्पी युद्ध एवं २१ अक्टूबर को कुप्पी युद्ध में म्योहरा २२ अक्टूबर को भरत मिलाप का कार्यक्रम दारानगर बाजार एवं २३ अक्टूबर को भगवान राज राम का राज्याभिषेक दारानगर बाजार में होने के बाद रामलीला का समापन होगा।

इंटर कालेज में साइबर अपराध के प्रति छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं ।

कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चौकी क्षेत्र के दिलीप सिंह इंटर कॉलेज बाकरगंज, गोराजू में थाना अध्यक्ष पश्चिम शरीरा बैकुंठनाथ पांडेय व चौकी इंचार्ज अतुल रंजन तिवारी के निर्देशन में साइबर अपराध जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान एसआई रामपाल की टीम ने विद्यालय में मौजूद करीब दो हजार छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूक किया पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को बताया कि साइबर फ्रॉड होने की स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल पुलिस को सूचना दें। किसी छात्रा को झूठी बातों में फंसाकर ब्लैकमेल करना भी अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसी किसी भी घटना की जानकारी पुलिस को देने पर पीडित की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी महिला सिपाही निधि सिंह ने छात्राओं को विशेष रूप से जागरूक करते हुए कहा कि अगर किसी व्यक्ति द्वारा फोन पर गलत तरीके से परेशान किया जाता है या आपत्तिजनक कॉल अथवा संदेश भेजे जाते हैं तो इसकी जानकारी तत्काल अपने परिजनों या नजदीकी पुलिस थाने को दें विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश सिंह ने कहा कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था सर्वोपरि है। उन्होंने विद्यार्थियों से साइबर अपराध के प्रति सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल जिम्मेदार लोगों को देने की अपील की इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं स्टाफ मौजूद रहे।

बेटों और बहुओं ने वृद्धा को घर से निकाला, केस दर्ज

कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी के मेहता रोड मोहल्ले की ८० वर्षीय उर्मिला देवी ने बताया कि उनके पति श्रीकृष्ण केसरी की २१ जनवरी २०२६ को मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद दोनों बेटों प्रदुम्न, पंकज व बहुओं प्रतिमा तथा मंजुला ने मकान-दुकान पर कब्जा कर लिया है। पीडिता के मुताबिक, बेटों-बहुओं ने २१ अगस्त को उन्हें घर से भी निकाल दिया है। अब वह बिटिया के यहां शरण लिए हुए हैं। वृद्धा ने परेशान होकर मंगलवार को मामले की शिकायत पुलिस से की।

चायल क्षेत्र में कल छः घंटे ठप रहेगी बिजली आपूर्ति

१३२ केवी मनौरी उपकेंद्र में होगा मरम्मत कार्य

चायल,कौशाम्बी। स्थानीय १३२ केवी मनौरी विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न फीडरों से शुक्रवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। तकनीकी मरम्मत और रखरखाव कार्य के चलते क्षेत्र के उपभोक्ताओं को शुक्रवार को कुल ६ घंटे बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। जिसमें सभी उपभोक्ता सयोग करे।

चायल विद्युत केंद्र के अवर अभियंता हरेंद्र राम ने जानकारी देते हुए बताया कि १३२ केवी क्षमता वाले ट्रांसफार्मर व लाइन में अति-आवश्यक मरम्मत का कार्य कराया जाना तय हुआ है। इस कारण शुक्रवार को दो पारियों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सुबह की पाली प्रातः १०:०० बजे से दोपहर १:०० बजे तक ३ घंटे दोपहर की पालीअपराह्न २:०० बजे से शाम ५:०० बजे तक ३ घंटे अवर अभियंता ने बताया कि शाम ५:०० बजे के बाद मरम्मत कार्य पूर्ण होते ही बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल कर दी जाएगी। विभाग ने चायल फीडर क्षेत्र के सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे पानी भरनें मोबाइल चार्जिंग व अन्य आवश्यक गृह एवं व्यावसायिक कार्य बिजली बाधित होने के समय से पूर्व ही निपटा लें ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान यह भी बताया गया कि सभी उपभोक्ता इस दौरान आपूर्ति ठप होने पर उनका सहययोग करे, जिससे विद्युत विभाग द्वारा खामियों को दूर कर सभी उपभोक्ताओ को समय से बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करा सके।

९० श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण, २५ का नया पंजीकरण एवं दस का नवीनीकरण कराया गया

कौशाम्बी। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार बुधवार को मेसर्स आकर्ष गोपाल हीरो एजेंसी, भरवारी में श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं कल्याणार्थ के संबंध में श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच, उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराने तथा श्रम विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है।

शिविर में कुल ९० श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें ७५ पुरुष एवं १५ महिला श्रमिक शामिल रहे। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान २५ श्रमिकों की स्किन संबंधी जांच, १० श्रमिकों की नेत्र जांच, २० श्रमिकों की एनीमिया जांच तथा १० श्रमिकों की शुगर जांच की गई। इसके अतिरिक्त श्रमिकों की कफ, कोल्ड एवं फीवर संबंधी समस्याओं की भी जांच की गई। जांच के उपरांत श्रमिकों को आवश्यक चिकित्सकीय



स्वास्थ्य शिविर में जांच कराते श्रमिक

परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के दौरान उपस्थित श्रमिकों को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड तथा श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही पात्र श्रमिकों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए पंजीकरण एवं नवीनीकरण के संबंध में जागरूक किया गया। शिविर में १५ श्रमिकों का नया पंजीकरण तथा १० श्रमिकों का नवीनीकरण कराया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की डॉ. गुलाम अली, डॉ. सुनीता सिंह एवं डॉ. नीतू सिंह तथा श्रम विभाग की नेहा यादव, गोविन्द लाल गुप्ता एवं मनोज कुमार शुक्ल उपस्थित रहे।

शादी का झांसा देकर तीन साल तक किया दुराचार

कड़ाधाम थाना क्षेत्र की एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर पड़ोसी युवक ने तीन साल तक दुष्कर्म किया। बाद में विवाह के वादे से मुकर गया। दबाव बनाने पर गाली-गलौज करते हुए धमकी अलग दी। मामले की शिकायत पर मुकदमा कायम कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कड़ाधाम इलाके की युवती ने बताया कि पड़ोस का रहने वाला समर शिव यादव वर्ष २०२३ में उसके संपर्क में आया। इसके बाद शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने लगा। इधर बीच युवती ने शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी वादे से पलट गया। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग व गाली-गलौज करते हुए उसने जानलेवा धमकी दी। परेशान पीडिता ने मंगलवार को घटना की शिकायत पुलिस से कर दी।

जूनियर शिक्षक के ५० फीसदी पद लिखित परीक्षा से भरने की मांग

कौशाम्बी। परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जूनियर शिक्षक के पदों पर सीधी भर्ती की मांग को लेकर बीएड अभ्यर्थियों ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की। सिराथू स्थित आवास पर प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर जूनियर शिक्षक के कम से कम ५० फीसदी पद लिखित परीक्षा के जरिए भरने की मांग की। अभ्यर्थियों ने कहा कि वर्तमान में जूनियर शिक्षक के पदों पर १०० फीसदी पदोन्नति की व्यवस्था है। इससे जूनियर टीईटी उत्तीर्ण बीएड और बीटीसी अभ्यर्थियों को नियुक्ति का अवसर नहीं मिल पा रहा है। वहीं, विषय संयोजन की अनिवार्यता के चलते कई बीएड अभ्यर्थी टीजीटी-पीजीटी भर्ती में भी आवेदन नहीं कर पाते। ऐसे में जूनियर शिक्षक भर्ती उनके लिए महत्वपूर्ण अवसर है। प्रतिनिधिमंडल ने उच्च प्राथमिक विद्यालयों में रिक्त पदों का आकलन कर जल्द भर्ती का अधियाचन जारी करने की मांग की। साथ ही चयन प्रक्रिया को लिखित परीक्षा आधारित और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। अभ्यर्थियों ने कहा कि वे पदोन्नति व्यवस्था खत्म करने की मांग नहीं कर रहे, बल्कि पदोन्नति और सीधी भर्ती के बीच संतुलन चाहते हैं। ज्ञापन देने वालों में अभिषेक जायसवाल, पवन तिवारी, रामबाबू और अजीत कुमार समेत अन्य अभ्यर्थी शामिल रहे।

भागवत कथा के सातवें दिन राजा परीक्षित को मोक्ष की सुनायी कथा भंडारे का आयोजन कल

पश्चिम शरीरा,कौशाम्बी। सरसवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बक्सी का पूरा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास आचार्य सुभाष महाराज ने राजा परीक्षित और महर्षि शुकदेव के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने यजमान सुधीर तिवारी (कल्लू महाराज) एवं उनकी अर्धांगिनी सहित श्रद्धालुओं को बताया कि राजा परीक्षित ने सात दिनों तक महर्षि शुकदेव से श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा का श्रवण किया और कथा श्रवण के माध्यम से उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई कथा के दौरान आचार्य सुभाष महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान की कथा का श्रवण करने से मनुष्य को आध्यात्मिक शांति और सद्मार्ग की प्रेरणा मिलती है कथा के समापन के अवसर पर कल गुरूवार को हवन एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भागवत कथा को सुनने के लिए आस पास के गांव के लोग भी पहुचे, और भागवत कथा सुन कर भक्तो ने भगवान के जयकारे भी लगाये। इस दौरान आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है इस मौके पर बब्बू तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, देवानंद तिवारी (दादू), अंबिका प्रसाद तिवारी (छुटकू महाराज), अवधेश तिवारी, सुनील तिवारी, भास्कर तिवारी, राजू तिवारी, सुमंत तिवारी, शुभम तिवारी, प्रियांशु तिवारी, अगम तिवारी, आयुष तिवारी, अंश तिवारी राकेश कुमार शिव प्रसाद बुधराम गयादीन शिव प्रसाद सहित तमाम ग्रामवासी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा के दौरान भक्तिभाव से श्रद्धालु भावविभोर नजर आए।

बच्चे को बचाने के प्रयास में स्कूटी सवार किशोर घायल, गंभीर

महगांव,कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार को एक सड़क हादसा हो गया। पट्टी नरवर निवासी १७ वर्षीय विकास कुमार (पुत्र दशरथ लाल) अपनी स्कूटी से मूरतगंज की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे बदनपुर रोड पर पहुंचे तभी अचानक सड़क पर एक छोटा बच्चा आ गया। बच्चे को बचाने के प्रयास में विकास की स्कूटीअनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। दुर्घटना में विकास को गंभीर चोटें आई हैं। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई जिसे सुनकर आसपास के राहगीर व ग्रामीण तुरंत घटनास्थल पर एकत्र हो गए। स्थानीय निवासियों की तत्परता से १०८ एंबुलेंस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल विकास को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद विकास की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें कौशाम्बी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद से परिजनों में हड़कंप मचा हुआ है। मामले को लेकर खबर लिखे जाने तक घायल के परिजनों ने पुलिस को तहरीर नहीं दिया था।

'प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कृतित्व से सेवा शब्द के मूलभाव को जन-जन तक पहुंचाया है'

कौशाम्बी। मुख्यालय स्थित डायट मैदान मंझनपुर में प्रधानमंत्री मोदी के २५ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित सेवा ज्योति यात्रा में बतौर मुख्यातिथि प्रदेश उपाध्यक्ष कृतिका अग्रवाल,उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री कृष्णा पासवान,जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, जिला प्रभारी अमरनाथ यादव,प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक चायल पूजा पाल सहित पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित होकर प्रधानमंत्री मोदी के उद्बोधन को वर्चुअल माध्यम से सुनकर कार्यक्रम को संबोधित किया। तदोपरांत मशाल प्रज्वलित कर भगवान से जनसेवा से राष्ट्रसेवा के संकल्प को मजबूत होने की कामना की। कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि प्रदेश उपाध्यक्ष कृतिका अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि सेवा ज्योति यात्रा सेवा की उस भावना का प्रतीक है,जो एक व्यक्ति से निकलकर समाज और राष्ट्र के करोड़ों नागरिकों तक प्रकाश पहुंचाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन में राष्ट्र प्रथम की भावना को केंद्र में रखते हुए जनकल्याण और विकास को प्राथमिकता दी है। उनके २५ वर्षों के सार्वजनिक जीवन से प्रेरणा लेकर आज देश विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के जीवन का उद्देश्य



सेवा संकल्प यात्रा निकालते भाजपाई ।

अंत्योदय,राष्ट्र प्रथम का भाव और सुशासन रहा है। इसी क्रम में प्रभारी मंत्री कृष्णा पासवान ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हर भारतीय के लिए गर्व का दिन है,क्योंकि देश प्रधानमंत्री मोदी की २५ साल की लगातार और चौबीसों घंटे सेवा का जश्न मना रहा है। आज ही के दिन ०७ अक्टूबर २००१ को प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जनसेवा की एक नई यात्रा शुरू की थी। उन्होंने गुजरात को वेलफेयर स्टेट के साथ आधुनिक तकनीक वाला ऐसा प्रदेश बनाया जो दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बना। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक सच्चे तपस्वी की तरह राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया है। उनके दूरदर्शी निर्णयों, ऐतिहासिक सुधारों और सुशासन से आए मूलगामी बदलावों ने न केवल वर्तमान को संवारा है,बल्कि आने वाली पीढियों के लिए एक मजबूत,स्वाभिमानी और सुरक्षित भविष्य का मार्ग भी प्रशस्त किया है। सुदूर गांवों से लेकर वैश्विक मंचों तक, गरीबों के कल्याण से लेकर अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने वाले उनके प्रत्येक निर्णय ने देश को निराशा के अंधकार से निकालकर अटूट आत्मविश्वास से भरा है। जिस पीढ़ी ने कभी अभाव, संघर्ष और निराशा का जीवन देखा था,आज वही पीढ़ी आत्मविश्वास से लबरेज होकर विकसित भारत की नींव रख रही है। इसी क्रम में सभी वक्ताओं ने अपना अपना संबोधन किया किया इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर,पूर्व सांसद विनोद सोनकर,पूर्व विधायक सिराथू शीतला प्रसाद पटेल,लाल बहादुर, संजय गुप्ता,एससी एसटी आयोग सदस्य जितेंद्र कुमार गौतम, नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर बीरेंद्र सरोज फौजी,चेयरमैन अजुहा शांति कुशवाहा,राजेंद्र कुमार यादव, कार्यक्रम संयोजक व जिला महामंत्री ज्योति केसरवानी आदि मौजूद रहे।

किशोरी को भगाने के आरोप में युवक पर केस दर्ज

कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के एक गांव से १७ वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। पीडित पिता के अनुसार, ४ अक्टूबर को दोपहर करीब २ बजे पिपराकुंडी गांव का संजीत कुमार उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी सुराग न मिलने पर परिजनों ने ६ अक्टूबर को करारी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी संजीत के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच और तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है, कि जांच किया जा रहा है।

स्थानीय निकायों में पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व को लेकर आयोग ने जनप्रतिनिधियों से किया संवाद

कौशाम्बी। बृजेश कुमार सेवानिवृत्त डी.जे. की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन स्थित सरस हॉल में उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयोग के सदस्य संतोष कुमार विश्वकर्मा सेवानिवृत्त ए.डी.जे. सदस्य एस.पी. सिंह सेवानिवृत्त आई.ए.एस. विशेष कार्याधिकारी एम.ए. अंसारी एवं अध्यक्ष जिला पंचायत कल्पना सोनकर उपस्थित रहीं। बैठक में अध्यक्ष एवं आयोग के सदस्यगणों द्वारा जनपद में अन्य पिछड़ा वर्ग की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। आयोग द्वारा जनपद, विकास खण्ड एवं ग्राम स्तर पर अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों की स्थिति तथा स्थानीय ग्रामीण निकायों में उनके प्रतिनिधित्व से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों से जानकारी एवं सुझाव लिए गए। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत, जिला पंचायत सदस्य, ब्लाक प्रमुखगण, ग्राम प्रधानगण एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य बी.डी.सी. ने प्रतिभाग करते हुए स्थानीय स्तर पर अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व, उनकी भागीदारी तथा सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने सुझाव एवं विचार आयोग के समक्ष रखे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद आदि मौजूद रहे।

ट्रांसफार्मर खराब होने से गांव में छाया अंधेरा, आक्रोशित



विद्युत आपूर्ति ठप होने पर आक्रोश जताते ग्रामीण।

महगांव,कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर १८ मोतीलाल आजाद नगर कसिया पूर्वद्ध में पिछले एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है। सैता पावर हाउस से संचालित होने वाली बिजली आपूर्ति ठप हो जाने से पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली न मिलने से ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है, लेकिन शिकायत के बावजूद जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बना बैठा है। बिजली संकट का सबसे बुरा असर बच्चों की शिक्षा पर पड़ रहा है। जल्द ही बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने वाली हैंए ऐसे में ढिबरी और मोमबत्ती के सहारे पढ़ाई करने को मजबूर छात्रों के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। अभिभावकों का कहना है कि रात में अंधेरा रहने के कारण गांव में चोरी जैसी आपराधिक घटनाओं की आशंका और डर बढ़ गया है जिससे लोग रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने समस्या को लेकर सैता पावर हाउस के कनिष्ठ अभियंता से कई बार संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन उठाना बंद कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने वार्ड नंबर १८ के पार्षद प्रतिनिधि पंकज मौर्य को समस्या से अवगत कराया। पार्षद प्रतिनिधि ने भी जेई को मामले की जानकारी दी लेकिन फिर भी नया ट्रांसफार्मर नहीं लगवाया जा सका। राज्य सरकार और पावर कॉर्पोरेशन के सख्त निर्देश हैं कि ग्रामीण या नगरीय क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर खराब होने पर उसे २४ घंटे के भीतर बदला जाए। हालांकि कौशांबी के इस इलाके में एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी विभागीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। ग्रामीणों का सवाल है कि जब सरकारी गाइडलाइन स्पष्ट है तो आखिर एक हफ्ते तक जनता को अंधेरे में क्यों रखा गया विभागीय लापरवाही और उदासीनता से क्षुब्ध ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे सैता पावर हाउस का घेराव करेंगे। इसके साथ ही ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर तत्काल निलंबन की कार्रवाई की जाए।